बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

<u>सहायक अभियंता (असैनिक) प्रतियोगिता परीक्षा (वि॰सं॰ 02/2011)</u>

सहायक अभियंता (यांत्रिक/असैनिक/विद्युत) प्रतियोगिता परीक्षा (वि॰सं॰ 01/2011, 02/2011 एवं 04/2011) दिनांक 01.12.2012 स 05.12.2012 तक पटना अवस्थित 09 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। उक्त परीक्षा के अधीन परीक्षा केन्द्र संख्या : 04 – श्री दारोगा प्रसाद राय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सरिस्ताबाद (चितकोहरा), पटना, केन्द्र संख्या : 05 – बी॰एम॰पी॰–5 उच्च माध्यमिक विद्यालय, कैम्प जेल, फुलवारीशरीफ, पटना, केन्द्र संख्या : 06 – के॰बी॰ सहाय माध्यमिक विद्यालय, शेरूल्लाहपुर, शेखपुरा, पटना, केन्द्र संख्या : 07 – श्री राम लखन सिंह यादव सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पुनाईचक, पटना एवं केन्द्र संख्या : 08 – राजकीय बालक उच्च विद्यालय, शास्त्रीनगर, पटना पर दिनांक 05.12.2012 को वि॰सं॰ 02/2011, सहायक अभियंता (असैनिक अभियंत्रण) की प्रथम पाली (11 बजे पूर्वा॰ से 12 बजे मध्याह्न तक) में आयोजित होनेवाली सिविल (असैनिक) अभियंत्रण (षष्ठम पत्र) शाखा – I (वस्तुनिष्ठ) विषय की परीक्षा स्थगित की गयी थी जिसकी सूचना दिनांक 05.12.2012 को कारण सहित समाचार पत्रों/आयाग के वेबसाईट के माध्यम से दी जा चुकी है। साथ ही इस स्थगित परीक्षा का आयोजन दिनांक 05.01.2013 को उन्हीं परीक्षा केन्द्रों पर एवं पूर्व निर्गत प्रवेश पत्र के आधार पर ही किये जाने की सूचना उपर्युक्त परीक्षा स्थगन की सूचना के साथ सभी उम्मीदवारों को पूर्व में दी जा चुकी है।

पुनः सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि सिविल (असैनिक) अभियंत्रण (षष्ठम पत्र) शाखा – I (वस्तुनिष्ठ) विषय की उक्त स्थगित परीक्षा दिनांक 05.01.2013 (शनिवार) को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक उपर्युक्त परीक्षा केन्द्रों पर ही आयोजित है। सभी सम्बन्धित उम्मीदवार अपने पूर्व आवंटित परीक्षा केन्द्रों पर पूर्व में निर्गत प्रवेश पत्र के आधार पर ही उक्त परीक्षा में भाग ले। इसके लिए अलग से प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किये जाएंगे।

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना